मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-54
24/01/2021

मुख्यमंत्री ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 24 जनवरी 2021 :– जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग स्थित लोक संवाद में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री श्री संजय झा एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदय कांत मिश्रा ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

******